# अर्द्धवार्षिक परीक्षा–2023
## कक्षा–12वीं
## विषय–अर्थशास्त्र
## सेट–B

कोड -611047

समय–3 घण्टे

पूर्णांक–80

निर्देश–

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न कमांक 6 से 23 तक आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
3. प्रश्न कमांक 1 से 5 तक कुल 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न पर 01 अंक आवंटित है। (1x32=32)
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक आवंटित है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।
5. प्रश्न कमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आवंटित है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।
6. प्रश्न कमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आवंटित है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।
7. आवश्यकतानुसार स्वच्छ नामांकित रेखा चित्र बनाइए।

---

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1x6=06)

(i) कुल उपयोगिता जब स्थिर होती है तब सीमांत उपयोगिता होती है –
(अ) शून्य (ब) धनात्मक (स) ऋणात्मक (द) गुणात्मक

(ii) काफी के मूल्य में वृद्धि होने पर चाय की मांग –
(अ) बढ़ती है (ब) घटती है (स) स्थिर रहती है (द) शून्य हो जाती है

(iii) व्याष्टि अर्थशास्त्र में निम्नलिखित में से किसका अध्ययन किया जाता है –
(अ) व्यक्तिगत इकाई (ब) आर्थिक समग्र
(स) राष्ट्रीय आय (द) पूर्ण रोजगार

(iv) किस अर्थव्यवस्था में कीमत तंत्र के आधार पर निर्णय लिए जाते है –
(अ) समाजवादी (ब) पूंजीवादी
(स) मिश्रत (द) अ तथा ब दोनो

(v) उपयोगिता का संबंध होता है –
(अ) लाभदायकता से (ब) नैतिकता से
(स) मानव आवश्यकता की पूर्ति से (द) उत्पादन से

(vi) एक वस्तु की सभी इकाईयों से प्राप्त होने वाली उपयोगिता के योग को क्या कहते है –
(अ) सीमांत उपयोगिता (ब) कुल उपयोगिता
(स) औसत उपयोगिता (द) कुल उत्पादन

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (1x6=06)

(i) पैमाने के प्रतिफल का संबंध ......... अवधि से है।
(ii) दर्घकाल में उत्पादन के सभी साधन ......... किए जा सकते है।
(iii) औसत लागत वक्र का आकार ......... अक्षर जैसा होता है।

www.rajeshsir.co.in

(v) कीमत एवं मांगी गई मात्रा से संबंधित तालिका ........ कहलाती है।

(vi) अल्पकालीन उत्पादन फलन को ........ कहा जाता है।

**3. सत्य / असत्य लिखिए।** (1x6=06)

(i) जिस कीमत पर मांग और पूर्ति बराबर होती है, उसे सामान्य कीमत कहते है।

(ii) बाजार मूल्य दर्घकालीन बाजार में पाया जाता है।

(iii) सन् 1920 में विश्व की महान मंदी आयी थी।

(iv) अति अल्पकाल में पूर्ति पूर्णतः बेलोचदार होती है।

(v) पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म कीमत निर्धारित होती है।

(vi) बाजार कीमत उच्चावचन वाली प्रक्रिया है।

**4. सही जोड़ी बनाइए।** (1x7=07)

| अ | ब |
|---|---|
| (vii) व्यावसायिक बैंक | (अ) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन |
| (vi) केन्द्रीय बैंक | (ब) SBI |
| (v) प्रवाह | (स) रेफ्रिजरेटर |
| (iv) टिकाऊ वस्तु | (द) गयात्मक अवधारणा |
| (iii) GNP | (इ) सकल घरेलू उत्पाद |
| (i) आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक | (ई) सकल राष्ट्रीय उत्पाद |
| (ii) GDP | (य) एडम स्मिथ |
| | (र) RBI |

**5. एक वाक्य में उत्तर दीजिए।** (1x7=07)

(i) MPS का पूर्ण रूप लिखिए।

(ii) औसत उपभोग प्रवृत्ति क्या है।

(iii) औसत बचत प्रवृत्ति क्या है।

(iv) उपयोग फलन क्या है।

(v) किस विनिमय प्रणाली में इच्छाओं का दोहरा संयोग आवश्यक है।

(vi) मूल्य मापन मुद्रा का कौन सा कार्य है।

(vii) MPC का पूर्ण रूप लिखिए।

6. पूर्ण प्रतिस्पर्धा का अर्थ लिखिए। 02

अथवा

सम्प्राप्ति (आगम) का अर्थ लिखिए।

7. मूल्य ह्रास किसे कहते है। 02

अथवा

पूंजीगत वस्तुएं किसे कहते है।

8. राष्ट्रीय आय गणना की कोई दो विधियों के नाम लिखिए। 02

अथवा

मध्यवर्ती वस्तुएं किसे कहते है।

www.rajeshsir.co.in

9. वस्तु विनिमय प्रणाली की कोई दो कठिनाईयाँ लिखिए। 02

अथवा

मुद्रा के दो प्रमुख कार्यो को लिखिए।

10. सीमांत उपयोगिता किसे कहते है। 02

अथवा

कुल उपयोगिता किसे कहते है।

11. बजट सेट किसे कहते है। 02

अथवा

उमाधिमान मानचित्र किसे कहते है।

12. स्थानापन्न वस्तुएं किसे कहते है। 02

अथवा

पूरक वस्तुएं किसे कहते है।

13. अल्पकालीन लागत किसे कहते है। 02

अथवा

दीर्घकालीन लागत किसे कहते है।

14. पैमाने के प्रतिफल किसे कहते है। 02

अथवा

परिवर्तित अनुपातों का नियम क्या है।

15. उत्पादन फलन किसे कहते है। 02

अथवा

औसत उत्पादन किसे कहते है।

16. केन्द्रीय बैंक के कोई तीन कार्यो को लिखिए। 03

अथवा

व्यावसायिक बैंक के कोई तीन कार्यो को लिखिए।

17. प्रभावी मांग क्या है? इसका निर्धारण कैसे होता है। 03

अथवा

समग्र मांग क्या है? इसके इसके अवयवों को लिखिए।

18. व्यष्टि अर्थशास्त्र की कोई तीन विशेषताएं लिखिए। 03

अथवा

बाजार अर्थव्यवस्था की कोई तीन विशेषताएं लिखिए।

19. एक फर्म के पूर्ति वक्र को निर्धारित करने वाले कोई तीन तत्वों को लिखिए। 03

अथवा

लाभ अधिकतमीकरण की तीन शर्ते लिखिए।

20. गुणक किसे कहते है? इसकी क्रियाविधि लिखिए। 04

अथवा

मितव्ययता का विरोधाभास क्या है? व्याख्या कीजिए चार बिन्दुओं में।

www.rajeshsir.co.in

21. सकारात्मक तथा आदर्शक अर्थशास्त्र को उदाहरण सहित समझाइए। 04

अथवा

अर्थव्यवस्था किसे कहते है? किसी अर्थव्यवस्था की तीन केन्द्रीय समस्याओं को समझााइए।

22. मांग का नियम क्या है? रेखाचित्र की सहायता से समझाइए। 04

अथवा

पूर्णतया लोचदार मांग तथा पूर्णतया बेलोचदार मांग को रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

23. क्या होगा यदि बाजार में प्रचलित मूल्य है – 04

(अ) संतुलन कीमत से अधिक (ब) संतुलन कीमत से कम

अथवा

उच्चतम निर्धारित कीमत तथा निम्नतम निर्धारित कीमत को उदाहरण सहित समझाइए।



-----xxx-----

www.rajeshsir.co.in